Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding denial of crop insurance benefit to the farmers of Haryana.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से फसल बीमा योजना जैसा गंभीर विषय केन्द्र सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में गांव बाटोल जाटान, रांगड़ान, खरखड़ा, जीतपुर, बडाला, खरबड़ा और सीसर 700 सौ से ज्यादा किसानों का बैंक ऑफ बड़ौदा ने फसल बीमा योजना का पैसा काटा और वह पैसा इंश्योरेंस कंपनी को लेट देने की वजह से उनकी फसल बर्बाद होने के बावजूद भी फसल बीमा योजना कंपनी के लिखित में देने के बाद सरकार द्वारा आज तक उनका पैसा वापस नहीं दिया गया।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ-साथ जो फसल बीमा कंपनी है, उनके खिलाफ सरकार कार्रवाई करे और जल्द से जल्द जिन किसानों की फसल का नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने का काम करे। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Dushyant Chautala.